हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, सोमवार 2 मार्च 2026


तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 18.0 डिग्री



## होली की तैयारियां जारी शहर में उत्साह का माहौल



**भाटापारा।** नगर मे होली का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाये जाने को लेकर लोग तैयारियां कर रहे है शहर के विभिन्न इलाको मे 2 मार्च को देर रात होलिका दहन किया जायेगा इसी को लेकर परशुरामवार्ड सिटी सेंटर माल के समीप युवाओ की टीम ने होलिका दहन की तैयारी कर ली है गोबर के कंडे से होलिका बनायी गई है।

## खबर संक्षेप

### 8 मार्च को देवसुन्दरा में आदर्श विवाह, डिप्टी सीएम साव होंगे मुख्य अतिथि



**पलारी ।** साहू समाज द्वारा आयोजित सामूहिक आदर्श विवाह 8 मार्च को देवसुन्दरा में आयोजित किया जाएगा, जिसमें कुल 28 जोड़े विवाह के पवित्र बंधन में बंधेंगे। यह आयोजन साहू समाज दतान, भवानीपुर, रोहांसी और तहसील साहू संघ के संयुक्त तत्वाधान में किया जा रहा है। इस भव्य आयोजन की मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव के शामिल होने से समारोह की रौनक और बढ़ जाएगा। आदर्श विवाह समारोह को लेकर समाज के पदाधिकारी देवसुन्दरा में लगातार बैठक कर रहे हैं, ताकि कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराया जा सके।

**फिजूलखर्ची और दिखावे पर रोक लगाना है उद्देश्य :** इस संबंध में जानकारी देते हुए परिक्षेत्र अध्यक्ष गणपत साहू, सचिव सरोज साहू, सरपंच अभिराम साहू और ग्रामीण अध्यक्ष खिलेश्वर साहू ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में बढ़ते फिजूलखर्ची और दिखावे पर रोक लगाना है।

### होली पर 4 मार्च को शुष्क दिवस किया घोषित

बिलाईगढ़ । छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्यिक कर आबकारी विभाग ने आदेश जारी कर होली पर्व के अवसर पर 04 मार्च 2026 जिस दिन रंग खेला जाएगा को 1 दिवस हेतु 'शुष्क दिवस' घोषित किया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ संजय कन्नौजे ने होली के दिन सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में मदिरा शुष्क दिवस का आदेश जारी किया है। इस आदेश के पालन में सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले की सीमा में संचालित समस्त देशी, विदेशी और कंपोजिट मदिरा की फुटकर दुकानों जैसे देशी मदिरा दुकान (सीएस-2 घघ), कंपोजिट मदिरा (सीएस-2 घघ कंपोजिट), विदेशी मदिरा दुकान (एफ.एल-1 घघ कंपोजिट), दुकानों एवं मदिरा दुकानों से संलग्न अहाता, सीएस 2 (ग- अहाता), सीएस 2 (ग- कंपोजिट अहाता), एफ एल 1 (ख- अहाता) पूर्णतः बंद रहेगा। इस दौरान जिले में मदिरा का संपूर्ण संव्यवहार जैसे विक्रय, विनिर्माण, संग्रहण, धारण और परिवहन पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। शराब रखने और बेचने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिला स्तरीय उड़नदस्तों को सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए हैं। संदिग्ध स्थानों और वाहनों की जांच कर दोषियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया जाएगा।

### राज्यसभा सीटों पर यादव समाज से प्रत्याशी बनाने की मांग

**भाटापारा।** छत्तीसगढ़ में यादव समाज की जनसंख्या के अनुपात में प्रतिनिधित्व को लेकर लगातार राजनितिक दलों से समाज की उपेक्षा का सवाल उठते रहा है, आगामी राज्य सभा सदस्य निर्वाचन में भी समाज के द्वारा दोनों दलों से प्रत्याशी बनाए जाने की मांग जोर पकड़ रहा है, इस संबंध में सर्व यादव समाज छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु के द्वारा प्रदेश के दोनों प्रमुख दलों के शीर्ष नेताओं को पत्र लिखकर यादव समाज से राज्य सभा प्रत्याशी बनाए जाने की मांग किया है,इस संबंध में यदु ने कहा प्रदेश में यादव समाज की जनसंख्या लगभग 35 लाख के साथ पिछड़े वर्ग मे दूसरे नंबर पर आता है। उन्होंने उक्त आशय का पत्र भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सह प्रभारी अजय जामवाल एवं संगठन मंत्री पवन साय तथा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज तथा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पत्र भेजकर यादव समाज से प्रत्याशी बनाए जाने का मांग किया गया है।

# सुरक्षित और शांतिपूर्ण होली मनाने पर बैठक में की चर्चा

## पुलिस और समाज के वरिष्ठ नागरिकों ने की सुरक्षा व अनुशासन पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

थाना कसडोल में होली त्यौहार के संबंध मे शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें उप पुलिस अधीक्षक कैम्प कसडोल, थाना प्रभारी कसडोल, नगर के जनप्रतिनिधिगण, सर्व समाज के वरिष्ठ एवं गणमान्य नागरिकगण, थाना कसडोल क्षेत्र अंतर्गत समस्त ग्राम सरपंच एवं ग्राम कोटवार आदि उपस्थित थे। बैठक मे आगामी होली पर्व में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने एवं आपसी सौहार्द का वातावरण बनाए रखने हेतु विभिन्न मुद्दों पर चर्चा किया गया। शांति समिति बैठक के दौरान उपस्थित नागरिकों द्वारा भी होली पर्व में विभिन्न सुरक्षा बिन्दुओं पर अपनी बातें रखी गई, जिसके अनुसार होली पर्व पर आवश्यक सुरक्षा प्रबंध रखने की बात कही गई।



### बैठक में इन बातो पर की गई चर्चा

1. माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुरूप डीजे/धुमाल बजाने से संबंधित नियमों का पालन करने निर्देश दिया गया
2. अश्लील/फूहड गाने न बजाये जाये
3. होली त्यौहार मे होलिका दहन समय पर हो
4. यातायात नियमों का किसी भी प्रकार से उल्लंघन न हो
5. होली त्यौहार मे होली को शालीनता पूर्वक मनाया जाये।
6. एक दुसरे के कपडे फाड कर होली ना खेलने संबंधित निर्देश दिये ताकि शांति व्यवस्था बनी रहे।
7. होली पर्व के दौरान समस्त स्थलों पर पुलिस पार्टी की लगातार एवं नियमित पेट्रोलिंग जारी रहेगी।

## पुलिस की त्वरित कार्रवाई से चारों आरोपी गिरफ्तार, थार वाहन जब्त

# पत्नी और प्रेमी ने रची हत्या की साजिश, पुलिस ने किया पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

खरोरा थाना क्षेत्र में 27 फरवरी 2026 की रात हुई हत्या का पुलिस ने मात्र कुछ घंटों में सफलतापूर्वक खुलासा किया। मृतक किशोर सारथी की पत्नी और उसके प्रेमी सहित कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त वाहन को भी जब्त कर आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

28 फरवरी को प्रार्थी भागवत सारथी पिता शिवकुमार सारथी, उम्र 32 वर्ष, निवासी ग्राम खसेरा वार्ड क्रमांक 10, थाना खरोरा, जिला रायपुर द्वारा थाना खरोरा में उपस्थित होकर सूचना दी गई कि उसके छोटे भाई किशोर सारथी, उम्र 27 वर्ष, का शव ग्राम मांठ स्थित सागौन वाटिका के पास संदिग्ध अवस्था में सड़क किनारे पड़ा हुआ है। सूचना पर मर्ग इंटिमेशन क्रमांक 36/2026 धारा 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत कायम कर डॉग स्क्वाड एवं एफ.एस.एल. टीम को मौके पर निरीक्षण हेतु बुलाया गया। पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल एवं शव का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया तथा मृतक के परिजनों के कथन लिए गए। परिजनों ने प्रथम दृष्टया हत्या की आशंका व्यक्त करते हुए बताया कि अज्ञात व्यक्तियों द्वारा हत्या कर शव को सागौन वाटिका की ओर घसीटकर फेंका गया है। पंचनामा कार्यवाही उपरांत शव का पोस्टमार्टम कराया गया। परिस्थिति जन्य साक्ष्यों के आधार पर मामला हत्या का पाए जाने से धारा 103(1) भा.न्या.सं. के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### प्रेम विवाह में घर बसाया, फिर पति को उतारा मौत के घाट





#### हत्या को हादसा दिखाने का किया गया था प्रयास

पूर्व नियोजित योजना के अनुसार ग्राम खरोरा-रायपुर रोड पर पहले से घात लगाए बैठे आरोपी लिलेश उर्फ मुरू उर्फ कुलदीप तथा उसके दो अन्य साथी एक थार वाहन में सवार होकर मौके पर पहुंचे। ग्राम मात-तिल्दाडीह रोड स्थित सागौन वाटिका के सामने आरोपियों ने मोटरसाइकिल सहित किशोर सारथी को टक्कर मारकर गंभीर चोट पहुंचाई और हत्या कर दी। घटना को दुर्घटना का रूप देने का प्रयास किया गया, परंतु पुलिस की सूझबूझ एवं त्वरित कार्रवाई से साजिश का पर्दाफाश हुआ।प्रकरण में षड्यंत्रपूर्वक हत्या किया जाना पाए जाने से धारा 61(2) भा.न्या.सं. जोड़ी गई। मामले में मृतक की पत्नी सहित कुल 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। घटना में प्रयुक्त थार वाहन को जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। थाना खरोरा पुलिस की त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही स गंभीर हत्या प्रकरण का चंद घंटों में सफलतापूर्वक खुलासा किया गया।

#### पूछताछ करने पर सामने आए महत्वपूर्ण तथ्य

हत्या की घटना को पुलिस अधीक्षक रायपुर (ग्रामीण) श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा द्वारा गंभीरता से लेते हुये आरोपियों की पतासाजी कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने निर्देशित किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मित्तल के नेतृत्व में थाना खरोरा पुलिस की टीम द्वारा घटना के संबंध में मृतक के परिजनों सहित आसपास के लोगों से विस्तृत पूछताछ किया गया। मृतक की पत्नी से पूछताछ करने पर महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए। पूछताछ में ज्ञात हुआ कि उसका लिलेश उर्फ मुरू उर्फ कुलदीप नामक व्यक्ति के साथ पिछले कुछ महीनों से प्रेम संबंध था। इस संबंध की जानकारी मृतक को हो जाने पर पति-पत्नी के बीच आए दिन विवाद एवं मारपीट होती थी। इसी से परेशान होकर पत्नी ने अपने प्रेमी लिलेश उर्फ मुरू उर्फ कुलदीप के साथ मिलकर पति को रास्ते से हटाने की साजिश रची। योजना के तहत 27 फरवरी को रात्रि लगभग 9 बजे उसने अपने पति को बहन को ग्राम बिठिया से लाने का बहाना बनाकर घर से अकेले भेज दिया।

# गांजा तस्करी का मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ लवन

■ मुखबिर सूचना पर पुलिस ने 1.059 किग्रा गांजा किया बरामद

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना लवन पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों, अवैध महुआ शराब बनाने वाले, जुआ सट्टा एवं मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले असामाजिक तत्वों की धरपकड कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में मुखबिर सूचना पर 28 फरवरी को थाना लवन की पुलिस टीम द्वारा खम्हरिया रोड नहर पार लवन में घेराबंदी कर स्कूटी में अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी एवं बिक्री करने की फिराक में लगे हुए आरोपी रोशन मानिकपुरी को पकड़ा गया है।



इस दौरान पुलिस टीम द्वारा पहले आरोपी तथा स्कूटी का सूक्ष्मता पूर्वक ⏩ शेष पेज 09 पर

### मॉडिफाई वाहन पर कार्रवाई, सात हजार का समन वसूला

**कसडोल ।** जिले में सुगम और सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में शुरू की गई त्रिनयन शिकायत हेल्पलाइन लगातार सफल साबित हो रही है। इस हेल्पलाइन के माध्यम से यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों की पहचान कर, उनके खिलाफ त्वरित कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 28 फरवरी को बया चौकी क्षेत्र में हेल्पलाइन पर प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने एक वाहन चालक को पकड़ा।



आरोपी किरण कुमार सेन ग्राम पकरीद निवासी अपनी मोटरसाइकिल क्र. सीजी 06 1607 में मॉडिफाई साइलेंसर लगाकर तेज गति से वाहन चला रहा था और कर्कश बैकफायर की आवाज उत्पन्न कर रहा था। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 7000 समन शुल्क वसूला और मोटरसाइकिल से मॉडिफाई साइलेंसर हटा लिया। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी प्रकार के यातायात नियम उल्लंघन की सूचना "त्रिनयन शिकायत हेल्पलाइन पर कॉल या व्हाट्सएप के माध्यम से दी जा सकती है।

# सोने के जेवर चोरी करने वाली एक महिला आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

■ 19,040 रुपए कीमत मूल्य का सोने का टॉप्स किया गया था चोरी

प्रार्थिया कालिंद्री चेलक निवासी भैंसापसरा बलौदाबाजार ने 28 फरवरी को रिपोर्ट दर्ज कराया कि 18 फरवरी के सुबह लगभग 7 बजे नहाने के पहले उसके द्वारा अपने सोने के टॉप्स को निकाल कर पर्स में रखा गया था, जिसे शाम करीबन 6 बजे पहनने के लिए देखी, तो पर्स में वह सोने का टॉप्स नहीं था, जिसे कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया था। की रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 169/2026 धारा 331(3),305 बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



प्रकरण में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा जांच एवं विवेचना कार्यवाही करते हुए प्रार्थिया के घर आने जाने वाले लोगों के संबंध में विस्तृत पूछताछ किया गया, जिसमें संदेह के आधार पर आरोपिया संगीता चेलक उर्फ मुंडी को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपिया द्वारा प्रार्थिया का सोने का टॉप्स चोरी करना स्वीकार किया गया। प्रकरण में पुलिस द्वारा आरोपिया से 19,040 कीमत मूल्य का 2 नग सोने का टॉप्स बरामद किया गया तथा आरोपिया को आज 28 फरवरी विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

### धाराशिव में विकास कार्यों का सामूहिक भूमिपूजन



**बगबुड़ा।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के बलौदाबाजार विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत धाराशिव में सोमवार को तीन महत्वपूर्ण विकास कार्यों का सामूहिक भूमिपूजन संपन्न हुआ। कुल 19.78 लाख की लागत से होने वाले इन कार्यों में रामस्वरूप वर्मा के घर से बाजार चौक तक सीसी रोड निर्माण 10 लाख, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अतिरिक्त भवन निर्माण 7.63 लाख, उपस्वास्थ्य के चावल वितरण केंद्र तक मार्ग निर्माण 2.15 लाख शामिल हैं। ⏩ शेष पेज 09 पर

# अवैध सागौन के विरुद्ध वन विभाग की बड़ी कार्रवाई, चिरान लकड़ी व फर्नीचर जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

वनमण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशील के निर्देशानुसार वन विभाग की टीम ने अवैध सागौन कटान एवं चिरान के विरुद्ध सघन कार्रवाई की गई। अवैध सागौन के चिरान तथा उससे निर्मित फर्नीचर बरामद कर विधिवत जब्त किया गया।



अर्जुनी वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरेली एवं सुकली से अवैध लकड़ी संबंधी शिकायतें लगातार प्राप्त हो रही थीं, जिसे गंभीरता से लेते हुए वन विभाग द्वारा निरंतर निगरानी रखी जा रही थी तथा मुखबिर तंत्र के माध्यम से सूचनाएं संकलित की जा रही थीं। प्राप्त पुख्ता सूचना के आधार पर वन विभाग की टीम द्वारा दोनों गांवों में सघन दबिश एवं तलाशी अभियान संचालित किया गया। ग्राम सुकली में भी तलाशी की कार्रवाई की गई तथा प्रकरण में आगे की जांच जारी है। कार्रवाई के दौरान परिक्षेत्र अधिकारी गुलशन साहू, डब्बू साहू, मीनाक्षी साहू, रुपेश्वरी दीवान तथा वन परिक्षेत्र के कर्मचारियों एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।

## साफ-सफाई सहित बेहतर इलाज व सुविधाओं को दुरुस्त करने दिये निर्देश

# नवपदस्थ कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिले के नवपदस्थ कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात शनिवार को सायंकाल में जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। उन्होंने जिला चिकित्सालय एवं मातृ एवं शिशु अस्पताल के विभिन्न कक्षों का गहन निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेकर साफ -सफाई सहित बेहतर ईलाज व सुविधाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने पंजीयन काउंटर में पंजीयन प्रक्रिया का अवलोकन कर प्रतिदिन ओपड़ी एवं आईपीड़ी की संख्या की जानकारी ली। बताया गया कि प्रतिदिन औसतन 500 ओपीडी के लिये पंजीयन होता है।उन्होंने जन औषधि केन्द्र में उपलब्ध दवाई की सूची एवं कालातीत दवाईयों की जानकारी ली और निर्देशित किया कि स्टॉक में दवा होने के बावजूद किसी मरीज को बाहर से दवा न खरीदना पड़े। उन्होंने ट्रामा सेंटर, सीटी स्कैन, प्रसूति वार्ड, सर्जिकल वार्ड, डायलिसिस यूनिट ब्लड बैंक, एसएनसीयू, इंटिग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब का निरीक्षण किया। उन्होंने आईपीएचएल को एनक्यूएएस सर्टिफिकेट प्राप्त होने और यह प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाला देश का दूसरा जिला अस्पताल बनने पर बधाई दी और इसे कायम रखने कहा।





कलेक्टर ने जिले के पीएचसी एवं सीएचसी से जिला अस्पताल रिफर होने वाले मरीजों की संख्या तथा जिला अस्पताल से अन्य अस्पतालों में रिफर किये जाने वाले मरीजों की संख्या की भी जानकारी ली। उन्होंने अति आवश्यक होने पर ही रिफर करने के निर्देश दिये।इस दौरान उन्होंने मरीजों का भी हाल - चाल जाना।

### धान उपार्जन केंद्र का भी किया निरीक्षण

इसके पश्चात कलेक्टर ने धान उपार्जन केन्द्र आमेरा का भी निरीक्षण किया। उन्होंने केन्द्र में कुल खरीदी, अब तक उठाव एवं शेष धान की मात्रा आदि की जानकारी ली। धान उठाव में तेजी लाने हेतु ट्रकों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिये। इसके साथ ही बलौदाबाजार में निर्माणाधीन नालंदा परिसर का भी निरीक्षण किया और निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिये।

इस दौरान सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल,अपर कलेक्टर ए.आर.टंडन, एसडीएम प्रकाश कोरी, सिविल सर्जन डॉ अशोक वर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# एकलव्य विद्यालय में प्रवेश के लिए 425 छात्रों ने दी परीक्षा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु रविवार को परीक्षा आयोजित की गई। इस परीक्षा में 425 छात्र उपस्थित रहे और 38 प्रतिभागी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर अरुण सोनकर ने बताया कि आदिवासी विकास विकास अंतर्गत सोनाखान में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के शिक्षा सत्र 2026-27 में कक्षा 6वीं के प्रवेश परीक्षा हेतु पंडित चक्रपाणि शुक्ल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार को परीक्षा केन्द्र बनाया गया था । परीक्षा हेतु कुल 463 छात्रों ने पंजीयन कराया था। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास सूरज दास मानिकपुरी सहित अन्य अधिकारियों के द्वारा निरीक्षण किया गया। परीक्षा केन्द्र में प्रकाश, पेयजल एवं बैठक व्यवस्था पर्याप्त मिला।किसी भी प्रकार की नकल सामग्री नहीं पाया गया। परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संचालित हुई।

## खबर संक्षेप

### बिरकोनी में श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा 8 से

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी में 8 मार्च से 15 मार्च तक श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन पटेल परिवार द्वारा किया जाएगा। कथावाचक पंडित लक्ष्मीनारायण महाराज रामजानकी मंदिर बिरकोनी वाले यज्ञाचार्य पंडित देवेंद्र महाराज ब्रम्हचर्य विद्यापीठ राजिम व परायण कर्ता खिलेश शर्मा राजिम प्रयाग वाले करेंगे। 8 को जल यात्रा, देवप्रतिष्ठा, गौकर्ण पूजा एवं कथा प्रारंभ, 9 को राजा प्रिरिक्षित जन्म, कपिल देव एवं ध्रुव चरित्र, 10 को गजेंद्र मोक्ष, भगवान नरसिंग नाथ अवतार, 11 को वामन अवतार, राम कृष्ण अवतार, 12 को कृष्ण जन्म एवं बाल लीला व रूखमणि मंगल विवाह, 13 को सुदामा चरित्र, 14 को परीक्षित मोक्ष, तुलसीवर्षा शोभायात्रा, 15 को भागवत गीता प्रवचन, यज्ञ का पूर्णाहुति एवं महाप्रसादी वितरण होगा। प्रवचन प्रतिदिन दोपहर 2 से सांध्य तक होगा। आयोजक रामप्रसाद पटेल, रामसिंग पटेल कार्यक्रम की तैयारी में जुटे हुए हैं और सभी श्रद्धालुओं को कथा श्रवण का आनन्द लेने की अपील की हैं। उक्त जानकारी बलराम पटेल ने दी।

### मेंशन मजदूर संघ की बैठक में कार्यों की नई दर का किया निर्धारण

**महासमुंद।** मेंशन मजदूर संघ तुमगांव शाखा की प्रतिमाह होने वाली मासिक बैठक अध्यक्ष राजेंद्र धीवर की अध्यक्षता में 1 मार्च को हुई। बैठक में उपस्थित पदाधिकारी और सदस्यों के बीच आपसी सहमति से क्षेत्र में चल रहे कार्यों की नई दर का निर्धारण सर्वसम्मति से किया गया। संघ द्वारा निर्धारित कार्यदर के अनुसार ही सभी पेटी ठेकेदारों से कार्य करने की अपील करते हुए अध्यक्ष राजेंद्र धीवर, उपाध्यक्ष तिलक बंजारे, सचिव भोजराम सिन्हा ने कहा कि कार्यदर में समानता होने से किसी भी प्रकार के काम के लिए कोई वाद विवाद की स्थिति निर्मित नहीं होगी। सभी को कार्य में गुणवत्ता के साथ मजदूरों के भुगतान के प्रति सजग रहना होगा। मजदूर संघ सबके हित के लिए समर्पित संस्था है।

### स्वच्छता सर्वेक्षण लीग की तैयारी तेज टूल किट की दी गई जानकारी

**रायपुर।** आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 को सार्थक स्वरूप देने के लिए छत्तीसगढ़ स्वच्छता लीग की तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में बिरगांव निगम कार्यालय में शुक्रवार को टूल किट संबंधी जानकारी देने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया गया। इसमें अधिकारियों और सभी कर्मचारियों ने भाग लिया। स्वच्छता सर्वेक्षण के 10वें संस्करण की तैयारी जमीनी स्तर तेज करने से पहले नई टूल किट जारी की गई।

इस बार का मुख्य फोकस ''बढ़ाएं हाथ, करें सफाई साथ'' थीम, डेटा संचालित मूल्यांकन, लोगों की सहभागिता और गारबेज फ्री सिटी व ओडीएफ प्रमाण पर आधारित है। सर्वे में गलत जानकारी देने पर नेगेटिव मार्किंग होगी। बिरगांव निगम कार्यालय के सभागार में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में आयुक्त युगल किशोर उर्वशा, हेल्थ ऑफिसर कमल नारायण जंघेल एवं जिला समन्वयक विकास कुमार जांगड़े द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण की टूलकिट की जानकारी जमीनी अधिकारियों और कर्मचारियों को दी गई। इसमें डीएल देवांगन, केवी सिंह, दीपक दीवान सहित सभी विभाग प्रमुख के साथ उप अभियंता, स्वच्छता निरीक्षक, सफाई ठेकेदार, सफाई सुपरवाइजर एवं स्वच्छता दीदियां शामिल हुई।

### अनंत जन्मों से मनुष्य का लक्ष्य होता है ईश्वर की खोज

**रायपुर।** जब आप अपने आध्यात्मिक यात्रा के अंतिम पड़ाव में होते हैं, तब आपको क्रिया योग का पथ मिलता है। ईश्वर की खोज अनंत जन्मों से मनुष्य का लक्ष्य होती है। इस खोज की निरंतरता जब अपने अंतिम पड़ाव पर होती है, तब साधक के जीवन में क्रिया योग का प्रवेश होता है। योगदा सत्संग सोसायटी की ओर से आनंदम वर्ल्ड सिटी,कचना में तीन दिवसीय क्रिया योग ध्यान शिविर का आयोजन किया गया है। इस ध्यान शिविर के विशेष सत्र में शनिवार को योगदा सत्संग सेल्फ रियलाइजेशन सोसायटी से आए संन्यासियों ने यह बात कही।

# धमनी में किसान वृक्ष मित्र योजना पर हुई विशेष कार्यशाला

## निजी भूमि पर उच्च मूल्य प्रजातियों के वृक्षारोपण एवं स्थिर आय के अवसरों पर दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

वनमंडलाधिकारी बलौदाबाजार श्री धम्मशील गणवीर के निर्देशानुसार वर्षा ऋतु 2026 में प्रस्तावित वृक्षारोपण को दृष्टिगत रखते हुए “किसान वृक्ष मित्र योजना” के संबंध में 28 फरवरी को रेस्ट हाउस, धमनी में एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य किसानों को निजी भूमि पर उच्च मूल्य की प्रजातियों के वृक्षारोपण के माध्यम से आय वृद्धि के अवसरों से अवगत कराना तथा दीर्घकालिक आर्थिक सुरक्षा की दिशा में प्रेरित करना रहा। कार्यशाला में योजना के प्रमुख प्रावधानों, आवेदन प्रक्रिया, 100% एवं 50% सहायता प्रावधान, तकनीकी मार्गदर्शन, पौध चयन, रोपण विधि तथा रखरखाव संबंधी आवश्यक जानकारी विस्तार से साझा की गई। विशेष रूप से Buyback व्यवस्था के माध्यम से उत्पादित लकड़ी की सुनिश्चित विपणन व्यवस्था तथा भविष्य में कार्बन क्रेडिट जैसी संभावनाओं पर भी चर्चा की गई, जिससे किसान वृक्षारोपण को एक दीर्घकालिक निवेश के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित हों। किसानों को बताया गया कि सागौन, बांस, क्लोनल नीलगिरी, मिलिया डुबिया, चंदन एवं विभिन्न फलदार प्रजातियों का वैज्ञानिक तरीके से रोपण कर वे अपनी कृषि भूमि का बहुउद्देशीय उपयोग कर सकते हैं।



### हरित अर्थव्यवस्था की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहलः गणवीर

इस कार्यशाला का आयोजन वन परिक्षेत्र अधिकारी बलौदाबाजार श्री प्रखर नायक (प्रशिक्षु ) एवं प्रशिक्षु वनक्षेत्रपाल बलौदाबाजार सिमरन साहू द्वारा कराया गया। कार्यक्रम में वन प्रबंधन समिति धमनी के अध्यक्ष राम नारायण यादव सहित किसान वृक्ष मित्र योजना का लाभ लेने के इच्छुक अनेक किसान उपस्थित रहे। इस कार्यशाला के आयोजन पर वनमंडलाधिकारी बलौदाबाजार धम्मशील गणवीर ने कहा कि किसान वृक्ष मित्र योजना किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ हरित अर्थव्यवस्था की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे वृक्षारोपण को केवल पर्यावरणीय दायित्व न समझ कर एक सशक्त आर्थिक अवसर के रूप में अपनाएं और बलौदाबाजार वनमण्डल को हरित एवं समृद्ध बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

## रायपुर से नांदेड़ और बिदर के गुरुद्वारों के लिए 25वीं यात्रा

# सिख संगठन की धार्मिक यात्रा का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा




छत्तीसगढ़ सिख संगठन द्वारा आयोजित श्री हजूर साहिब नांदेड़ एवं गुरुद्वारा नानक झीरा बिदर की निशुल्क धार्मिक यात्रा 1 मार्च को रायपुर के स्टेशन रोड स्थित गुरुद्वारा से रवाना हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि दीपक बैज, मलकीत सिंह गेंदु, गुरूमुख सिंह होरा, कुलदीप जुनेजा, महेंद्र सिंह छाबड़ा, गुरप्रीत सिंह बाबरा, अमरजीत सिंह चावला, कुलदीप सिंह चावला एवं छत्तीसगढ़ सिख संगठन के प्रदेश संयोजक अरूण छाबड़ा ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा का शुभारंभ किया।

जत्थेदार संयोजक हरपाल सिंह भांमरा प्रदेश अध्यक्ष दलजीत सिंह चावला ने बताया कि इस वर्ष यात्रा अपने 25वें वर्ष में प्रवेश कर चुकी है, जिसमें छत्तीसगढ़ के सिख, सिंधी एवं हिंदू श्रद्धालु शामिल है। लगभग 1200 संगत इस यात्रा का हिस्सा बनी है, जिसके लिए 15 बसें एवं 4 ट्रक की व्यवस्था की गई है। यात्रा का कार्यक्रम 1मार्च रायपुर से रवाना होकर नांदेड़ साहिब के ऐतिहासिक गुरुद्वारों के दर्शन, जिनमें गुरुद्वारा माता साहिब कौर, शिकार घाट, नानकसर, रतनगढ़, हिरा घाट, माल टेकरी एवं लंगर साहिब, सचखंड श्री हजूर साहिब में होला महल्ला का आयोजन होगा, जिसके बाद यात्रा बिदर रवाना होगी, संगत गुरुद्वारा नानक झीरा बिदर में आयोजित कीर्तन दरबार में शामिल होगी। इसी स्थल पर गुरु नानक देव जी ने टीले से पत्थर हटाकर मीठे जल का प्रवाह किया था। 7मार्च यात्रा सुबह रायपुर पहुंचेगी।

**ये हुए शामिल :** इस यात्रा के प्रमुख सेवादार इस धार्मिक यात्रा का सफल संचालन करने वाले प्रमुख सेवादारों में जत्थेदार संस्थापक हरपाल सिंह भामरा संयोजक अरूण छाबड़ा प्रदेश अध्यक्ष दलजीत सिंह चावला, गुरुचरन सिंह टैंक, जस्सी सिंह, गुरुभेज सिंह, सागर सिंह, मनोज छाबड़ा आशु राजपाल, मुरली खेमलानी, राजविंदर सिंह खालसा, रोहित, मोनू सलूजा, यसवंत सिंह सहित बड़ी संख्या से समाज के प्रमुख और अन्य लोग शामिल हुए।

# जीवन में सुख ही दुख का कारण बनता है : विष्णुदास



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

पलारी सटे धर्म नगर ग्राम बिनौरी मे त्रि दिवसीय सत्संग समारोह का आयोजन हुआ। सत्संग के मुख्य प्रवक्ता महंत विष्णुदास साहेब ग्राम पंचायत घिरघोल वाले आशीर्वचन देते हुए कहा कि हमें कबीर पंथी बनना है तो सबसे पहले अपने आचरण को सुधारना होगा फिर अपने आप कबीरपंथी बनने से कोई रोक नहीं सकता, कबीरपंथी बनने के लिए अशुद्धिया त्यागना होगा, इसके लिए हमें शुद्ध आचरण के साथ साथ खान पान शुद्ध शाकाहारी बनना अति आवश्यक है।

- कबीरपंथियों के लिए शुद्ध आचरण और भजन-कीर्तन पर जोर

साहेब ने कहा कि वर्तमान समय को देखते हुए आज की कबीर पंथ लोग भटक गए है और उस भटके हुए पंथ को मुख्य धारा में लाना बहुत जरूरी है तभी सत्संग की आवश्यकता पूरी होगी।सत्संग हमेशा सत्य मार्ग पर चलना सिखाता है । मनुष्य अगर अपने सच्चे मन से कबीर साहेब जी का स्मरण करे तो कभी भी दुःख उसके जीवन में नहीं आएगी । मनुष्य हमेशा सुख समृद्धि यश किर्तिमान पाना चाहते है।कबीर साहेब जी कहते है कि परम सुख ही एक दिन दुःख का कारण बनता है।हमेशा मनुष्य को सत्संग भजन कीर्तन करना चाहिए तभी इस भवसागर से पार लगा सकते हो।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर सरपंच प्रतिनिधि सनकुमार साहू, डॉ. जितेन्द्र कुमार साहू, प्रहलाद साहू, शोभित साहू, रामकुमार साहू, तनगु साहू, लक्ष्मण साहू, मनोज कुमार साहू, नन्द कुमार साहू, बरसाती साहू, खोरबाहरा साहू सहित बड़ी संख्या में कबीर पंथ उपस्थित थे।

# होलिका दहन और चंद्र ग्रहण का अनोखा संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

इस वर्ष होलिका दहन 2 मार्च सोमवार फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष पूर्णिमा तिथि मे रात्रिकालीन 1.26 से मध्य रात्रि 2.38 तक होलिका दहन होगा। तदुपरान्त 3 मार्च मंगलवार को इस साल आंग्ल वर्ष के अनुसार पहला चन्द्रग्रहण होगा जो की पुरे भारत वर्ष मे प्रत्यक्ष दृश्य व मान्य होगा, जि स का सूतक काल प्रातः 9.07 से प्रारम्भ हो जायगा, ग्रहण का स्पर्श शाम 6.07 को होगा और ग्रहण मो क्ष (समाप्त)शाम 6.47 बजे होगा क्यों की इस बार चंद्र ग्रहण का संयोग होलाष्टक के समापन और होलिका दहन के आसपास बन रहा है इसलिए इसका धार्मिक असर भी पूरे देश में मान्य रहेगा।

- होलिका दहन 2 मार्च को रात्रि 01:26 से 02 :38 बजे तक
- चंद्र ग्रहण 3 मार्च को पूरे भारत में दृश्य, सूतक का पालन अनिवार्य

शास्त्रों के मुताबिक, चंद्र ग्रहण का सूतक काल ग्रहण शुरू होने से करीब 9 घंटे पहले लग जाता है।भारत के कई हिस्सों में ग्रहण दिखाई देगा। कुछ शहरों में यह चंद मिनटों के लिए नजर आएगा। भले ही दृश्यता कम हो, लेकिन सूतक के नियम पूरे देश में मान्य रहेंगे। सूतक लगते ही मंदिरों के कपाट बंद कर दिए जाते हैं। इस दौरान पूजा-पाठ, मूर्ति स्पर्श और भोजन पकाना व खाना वर्जित माना जाता है। हालांकि बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को शास्त्रों में कुछ छूट दी गई है, व बसंत उत्सव रंग पर्व (होली तिहार ) 04 मार्च बुधवार को मनाया जायगा।



### सूतक में भोजन, पानी व सोना व्यर्थ के तुल्य

नगर पुरोहित आचार्य राहुल महाराज ने बताया कि सूतक काल में पूजा-पाठ और मूर्ति स्पर्श न करें. मंदिर के पट न खोले, बाल, नाखुन व पेड पौधों को न काटे, ग्रहण के दौरान पका हुआ खाना न खाएं, गर्भवती महिलाएं को ग्रहण के दर्शन व छाया से बचना चाहिए साथ नुकीली चीजों का जैसे चाकू, कैची इस्तेमाल न करें। सूतक काल मे भोजन पानी सोना व्यर्थ के तुल्य है।

# लवन में होली पर्व को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

स्थानीय पुलिस थाना लवन में 28 फरवरी दिन शनिवार को शाम 5 बजे तहसीलदार लवन पेखन टोण्ड्रे एवं थाना प्रभारी लवन शशांक सिंह ने होली पर्व को लेकर शान्ति समिति की बैठक सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। उक्त बैठक में लवन क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायतों के सरपंच, कोटवार, जनप्रतिनिधियों एवं नगर के वरिष्ठ नागरिकों सहित पत्रकारों की उपस्थिति रहा।

इस सम्बंध में तहसीलदार श्री टोन्डरे ने उपस्थित सभी लोगों से अपील करते हुए आगामी होली पर्व भाईचारे, सद्भाव एवं शांति पूर्वक मनाए जाने की अपील किये साथ ही यह भी कहा कि जोर जबरदस्ती किसी भी व्यक्ति पर रंग गुलाल नहीं लगाना है, दूसरे के धार्मिक भावनाओं का सम्मान करना है, शराब पीकर वाहन नहीं चलाना है, कृत्रिम बाल वगैरह लगाकर इधर उधर नहीं घूमना, बिजली खम्बे एवं तार के आसपास होली नहीं जलाना है, दूसरे के घर से लड़की, कंडे ,या अन्य जलाऊ समान चोरी कर होलिका दहन में नहीं समाहित करना है, डीजे का प्रयोग प्रतिबंध है, होलिका दहन के दिन अनावश्यक शोर शराबे अश्लील गाली गलौज नहीं करना है सहित अन्य विषयों पर प्रकाश डाला।



### 24 घण्टे पेट्रोलिंग पर पुलिसः टीआई

इसके अलावा थाना प्रभारी शशांक सिंह ने कहा कि संवेदनशील ग्रामों में पुलिस की गस्त गाड़िया 24 घण्टे पेट्रोलिंग पर रहेगी, निगरानी बदमाशों पर पुलिस की नजर 24 घण्टे रहेगी, किसी भी आपात कॉल स्थिति में थाना द्वारा जारी आपात कॉल नम्बर दिये गए हैं उसमें तत्काल पुलिस को सूचना देंगे की बात कहते हुए अंत में दोनों अधिकारियों ने सभी को होली पर्व की अग्रिम बधाई शुभकामनाएं दिये। उक्त बैठक में पत्रकारो सहित सरपंच मोहन बंजारे, कमलेश वर्मा सहित अन्य गांव के सरपंच, वहीं लवन थाना स्टॉफ एवं कोटवारों में रविशंकर चौहान, प्रेम दास मानिकपुरी सहित अन्य ग्रामों के कोटवारों की उपस्थिति रहा।

# अल्ट्राटेक कुकुरदी सीमेंट संयंत्र ने लगाया विशाल चिकित्सा शिविर

**बलौदाबाजार ।** अल्ट्राटेक कुकुरदी सीमेंट संयंत्र द्वारा निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सी एस आर ) के तहत ग्राम पंचायत कुकुरदी में विशाल निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीणों को घर के पास गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना था। इकाई प्रमुख पवन कुलकर्णी के दिशा निर्देश तथा एचआर प्रमुख श्री प्रतीक भटनागर के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों एवं चिकित्सक दल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। शिविर का शुभारंभ सरपंच टिकेश्वर ध्रुव, उपसरपंच डोमार साहू,



ढनढनी से सरपंच प्रतिनिधि रंजित ध्रुव, उपसरपंच भूपेन्द्र साहू तथा चिकित्सा टीम से डॉ साकेत मेहता शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ. विभूति गहरेवाल सामान्य रोग विशेषज्ञ, डॉ. शुभम साहू हड्डी रोग विशेषज्ञ और डॉ. देवेन्द्र गिरी श्री राम हॉस्पिटल प्रमुख कृकी उपस्थिति में दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर अल्ट्राटेक सीमेंट संयंत्र से भूमि एवं विधि विभाग के हरीश मेहतो एवं कार्तिकेश बघमार तथा सी एस आर प्रमुख श्री राजेन्द्र कुशवाहा की उपस्थिति मे हुआ। आस पास के तीन ग्रामों से शिविर में 118 मरीजों ने स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श एवं दवाओं का लाभ प्राप्त किया। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर उनके स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में सी एस.आर टीम के दया वर्मा, परमेश्वर साहू, ग्राम की मितानिन बहनों तथा ग्रामीण जनता का विशेष सहयोग रहा।

# लगातार चोरियों से व्यापारियों में दहशत, चैंबर ऑफ कॉमर्स ने सौंपा ज्ञापन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से व्यापारियों में भय का माहौल व्याप्त है। बुधवार रात्रि को मेसर्स कल्पना वस्त्रालय में शटर पट्टी तोड़कर चोरी करने का प्रयास किया गया। इससे पूर्व भी इसी प्रतिष्ठान में चोरी की कोशिश हो चुकी है। शुक्रवार रात पुनः शटर पट्टी तोड़कर अंदर घुसने का प्रयास किए जाने से व्यापारियों में आक्रोश है।

- कल्पना वस्त्रालय समेत कई दुकानों के शटर तोड़े जाने की घटनाओं से बढ़ी चिंता

व्यापारियों का कहना है कि इन दिनों मंडी रोड, सब्जी मार्केट, सदर बाजार, पुराना नगरपालिका रोड एवं बंशीधर बिजनेस सेंटर क्षेत्र में अधिकांश दुकानों के ताले एवं शटर पट्टियां तोड़कर नए तरीके से चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं। कुछ दिन पूर्व इसी मार्केट में गुप्ता जी की किराना दुकान में भी चोरी की वारदात हुई थी।

### चैंबर ऑफ कॉमर्स ने सौंपा शिकायती पत्र

नगर में बिगड़ती कानून व्यवस्था और लगातार हो रही चोरियों पर रोक लगाने की मांग को लेकर चैंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष लक्ष्मी साहू एवं महामंत्री शिव प्रकाश तिवारी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने थाना सिटी कोतवाली पहुंचकर शिकायत पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने रात्रि में दोपहिया वाहन से नियमित गश्त बढ़ाने, संदिग्ध व्यक्तियों पर निगरानी रखने तथा मार्केट क्षेत्र में विशेष सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। इस दौरान ईश्वर हरिमानी, दुर्गाप्रसाद जायसवाल, राजेश रोहरा, दिलीप रोहरा सहित अन्य व्यापारी उपस्थित रहे। व्यापारियों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई कर बाजार क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं व्यापारियों के हितों की रक्षा करने की अपील की है।

## कृषक उन्नति योजना अंतर्गत अंतर राशि वितरण समारोह

# भाजपा सरकार के कार्यकाल में ही किसानों की हो रही है उन्नति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

आज मंडी प्रांगण में आयोजित ब्लॉक स्तरीय कृषक उन्नति योजना अंतर्गत आदान सहायता राशि वितरण समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने उपस्थित अन्नदाता किसानों को धान अंतर की राशि उनके खातों में आने पर बधाई देते हुए कहा कि आज आपके मेहनत का फल आपके खाते में आ गया है। हमारी विष्णु देव साय की सरकार ने जो किसानों से वादा किया था उसे निभा कर पूरा किया है।





सरकार ने प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीद कर 3100 रु की दर से राशि प्रदान किया है । किसानों की आर्थिक स्थिति सुधारने का कार्य किसी ने किया है तो वह भाजपा सरकार है । कांग्रेस सरकार में किसानों को अंतर की राशि किस्तों में प्रदान कर परेशान करने के कार्य किया गया लेकिन हमारी सरकार ने किसानों को एक बार में ही अंतर राशि प्रदान कर यह प्रमाणित किया है कि सुशासन की यह सरकार किसानों को सशक्त और समृद्ध बनाने के लिए प्रतिबद्ध है । उन्होंने आगे कहा कि आज हमारे सिमगा ब्लॉक के 32 हजार दो सौ 91 किसानों के खातों में एक सौ ग्यारह करोड़ 54 लाख 23 हजार 397 रुपए बोनस राशि प्रदान किया गया है ।

उक्त अवसर पर कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जनपद पंचायत अध्यक्ष दौलत पाल, नगरपालिका उपाध्यक्ष विकास सोनकर, धीरज जैन, अभिजीत अवस्थी, राहुल योगेश साहू, पार्षद टेबू देवांगन, रूझून सोनकर, पार्षद प्रतिनिधि माया सलूजा, अनूप तिवारी, हेमसिंह चौहान, चंद्रप्रकाश टोंडे, रोहित साहू, परस पाटकर, परस साहू, छगन वर्मा, हीरा लाल साहू सहित सैंकड़ों किसान उपस्थित थे।

### सुधर रही है किसानों की स्थितिः आनंद

भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद यादव ने कहा कि आज किसान अगर प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान बेच पा रहे हैं उसका श्रेय शिवरतन शर्मा को जाता है जिन्होंने ने भाटापारा शाखा नहर के कार्य को आगे बढ़ाकर किसानों के खेतों में पानी पहुंचाया है । आज उनके प्रयासों से 70 हजार एकड़ भूमि पर सिंचाई हो रही है । जिसके फलस्वरूप क्षेत्र के किसानों की स्थिति सुधर रही है। भाजपा नेता अनिल पांडेय एवं मंडल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी ने भी किसानों को अंतर राशि मिलने पर बधाई देते हुए कहा कि हमारी सरकार जो वादा करती हैं उसे अक्षर सह पूरा भी करती है। कार्यक्रम के समापन अवसर पर अन्नदाता किसानों को सम्मान पत्र प्रदान किया गया।

## खबर संक्षेप

### खाद्य विभाग ने जिले के विभिन्न प्रतिष्ठानों में दी दबिश

**महासमुंद।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन के मार्गदर्शन में होली पर्व के मद्देनजर मिलावट पर अंकुश लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा चलाए जा रहे सघन जांच अभियान का विस्तार किया गया है। अभियान के तहत 28 फरवरी को महासमुंद, बागबाहरा एवं तुमगांव क्षेत्र में विभिन्न प्रतिष्ठानों पर दबिश देकर निरीक्षण एवं नमूना जांच की कार्रवाई की गई। विभागीय टीम द्वारा तेंदूकोना स्थित विजय किराना स्टोर्स से बेसन एवं मैदा के विधिक नमूने संकलित कर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए हैं। वहीं महासमुंद के भवानी मिष्ठान से कलाकंद, सेव, बूंदी लड्डू एवं पेड़ा के नमूने निगरानी के आधार पर जांच के लिए प्रेषित किए गए। इसी क्रम में तुमगांव स्थित शिवा होटल से मैदा, पनीर, बूंदी एवं कलाकंद के सर्विलांस नमूने लिए गए, ताकि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं शुद्धता सुनिश्चित की जा सके। इसके अलावा, तुमगांव स्थित साईं होटल एवं ज्ञानी फैमिली ढाबा का भी सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संचालकों को साफ-सफाई, खाद्य सुरक्षा मानकों के पालन एवं गुणवत्तापूर्ण सामग्री के उपयोग को लेकर कड़े निर्देश दिए गए। विभाग ने निर्देश दिए है कि त्योहारों के दौरान मिलावट करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी ।

### 2 को होलिका दहन, 4 को खेली जाएगी होली

**बिरकोनी।** बिरकोनी में इस वर्ष भद्राकाल और चंद्रग्रहण के कारण होलिका दहन और रंगों की होली के समय प्रभावित हुआ है। रामजानकी मंदिर आचार्य लक्ष्मीनारायण महाराज ने बताया कि भद्रा की वजह से होलिका दहन और रंगों की होली के बीच एक दिन अंतर रहेगा। दो मार्च सोमवार को रात्रि 1.30 से 2.50 तक होलिका दहन किया जाएगा। तीन मार्च मंगलवार को सूतक 9.7 मिनट से, चंद्रग्रहण शाम 6.7 मिनट से 6 बजकर 47 मिनट में मोक्ष होगा। 4 मार्च बुधवार को चैत्र कृष्ण प्रतिपदा के सूर्योदय के बाद ही रंगोत्सव मनाया जाएगा।

## पेज 07 के शेष

### अवैध गांजा तस्करी...

निरीक्षण किया गया, जिसमें आरोपी से एक कपडे के थैला में पैकेट में भरा हुआ अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला। तलाशी कार्रवाई पश्चात मिले गांजा का विधिवत तौल कार्यवाही कराया गया, जिसमें कुल 1.059 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा होना पाया गया जिसे विधिवत जप्त किया गया है। उक्त गांजा का बाजार मूल्य 20,000 है। साथ ही प्रकरण में आरोपी से अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी एवं बिक्री में प्रयुक्त स्कूटी सीजी 22 एई 6375 एवं एक मोबाइल जप्त किया गया है। कि प्रकरण में थाना लवन में आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 66/2026 धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट पंजीबद्ध कर, आरोपी को विधिवत गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष आरोपी को प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण विवेचना में है।

### धाराशिव में विकास ...

भूमिपूजन कार्यक्रम में कालिंदी सोनवानी जनपद सदस्य, सम्मे पटेल सरपंच, सुनीता चेलक उपसरपंच, दौलत वर्मा जिला सह संयोजक–आर्थिक प्रकोष्ठ, लहर सिंह पैकरा वरिष्ठ अधिवक्ता, केशव पटेल सरपंच प्रतिनिधि एवं दीनदयाल चेलक उपसरपंच प्रतिनिधि ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर कार्यों की शुरुआत की। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने सरकार व प्रशासन का सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी पंचायत के सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर सहयोग की अपेक्षा जताई।

**ये रहे उपस्थितः** कार्यक्रम में कौशल प्रसाद रजक, उमेन्द राम विश्वकर्मा, मीना बाई घृतलहरे, कला बाई पैकरा, कुमारी बाई यादव, दुरपति जायसवाल, जमुना बाई वर्मा, कीमा भारद्वाज, मोहनलाल टंडन, बंशीलाल चेलक, राम प्यारी साहू, रूखमणी ठेठवार, कुमारी बाई यदु, कंठे यादव, उषा बाई लोधी, अजय कुमार भारद्वाज, सहित समस्त पंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण लच्छन, सुरेश धीवर, चुकू जायसवाल, धर्मेंद्र यदु, मानु जायसवाल, राकेश रोशन, हीरालाल जायसवाल, सुनील माहेश्वरी उपस्थित रहे।

## दीप महायज्ञ के माध्यम से दिया आदर्श होली का संदेश

भटगांव । नगर पंचायत भटगांव के ब्राह्मण पारा रंग मंदिर मे होली पर्व के पूर्व दीप महायज्ञ का आयोजन किया गया जहाँ दीप महायज्ञ के माध्यम से नगर के लोगों को आदर्श होली मनाने के लिए जागरूक किया गया वहीं कार्यक्रम मे मोहल्ले के महिलाओं ने बढ़कर चढ़कर हिस्सा लिया तथा आँगतुक महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों ने आदर्श होली मनाने का निर्णय लेते हुए होली पर्व के दिन जागरूकता रैली निकालने की बात कही । होली पर्व के दिन महिलाओं, बच्चों एवं पुरुषों के साथ गणमान्य लोगों की टोली द्वारा कीर्तन बाजे गाजे के साथ आदर्श होली मनाई जाएगी । वहीं आज के कार्यक्रम मे गायत्री परिवार के परिजनों, असनीन कसडोल के गायत्री परिवार के द्वारा संगीत दीप महायज्ञ एवं जागरूकता कार्यक्रम तथा मोहल्ले के महिलाओं द्वारा यह सफल कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया । जहां मोहल्ले व नगर के गणमान्य नागरिक व पत्रकार साथी उपस्थित रहे ।





### पर्व : हर्बल गुलाल और डिजाइनर पिचकारियों की हो रही धूम

# होली पर्व पर रंग गुलाल और पिचकारियों से सजा बाजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

होली के त्यौहार को लेकर खरोरा का बाजार रंग, गुलाल, पिचकारी और विभित्र प्रकार की वस्तुओं से सज गया है। बाजार में हर्बल गुलाल विशेष प्रकार की पिचकारियां और रंगीन टोपी की खासी मांग है और लोग खरीदारी के लिए उत्साहित है। त्योहार से पहले दुकानों में भीड़ बढ़ गई है जिससे पूरे क्षेत्र में होली का उल्लासमय माहौल बना हुआ है। शहर के प्रमुख बाजारों में गुलाल के रंगीन के पैकेट विभिन्न डिजाइन की पिचकारियों और होली की सजावट की चीज आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं।

इस बार लोगों में हर्बल रंगों और में इको फ्रेंडली गुलाल के प्रति विशेष आकर्षण देखा जा रहा है। बच्चों के लिए विशेष प्रकार को कार्टून, पिचकारियां भी उपलब्ध हैं। बाजार के अलावा घरों में भी गुजिया, पापड़, मठरी जैसे पारंपरिक व्यंजनों की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं जो उत्सव के माहौल को और बढ़ा रही हैं। शहर के कई इलाकों में होली के एक दिन पहले होलिका दहन के लिए लकड़ियां और पूजा सामग्री के साथ पारंपरिक तैयारी की जा रही है। खरोरा में होली का बाजार पूरी तरह से रंगीन और उमंग से भरा हुआ है। होली का त्योहार 3 दिन ही शेष है बड़ी होलिका दहन 02 मार्च सोमवार को किया जाएगा। ऐसे लोग और बाजार होली के रंगों के माहौल में में घुलने शुरू हो गए हैं।



### पिचकारियों का सबसे ज्यादा क्रेज

दुकानें रंग, गुलाल, पिचकारी और अन्य प्रकार की वस्तुओं से सजी हुई हैं जिससे बाजार की रौनक भी बढ़ गई है। बाजारों में होली से जुड़ी सामग्रियों को भरमार दिखने लगी हैं जिसकी खरीदारों के लिए बच्चे अपने अभिभावकों के साथ पहुंच रहे हैं। गुलाल की मस्ती के साथ बच्चों को पिचकारी सबसे अधिक लुभाती है। होली पर पिचकारी को लेकर बच्चों में खासा क्रेज रहता है। बच्चों के पसंदीदा कार्टून छोटा भीम, मोटू पतलू डोरेमोन आदि के आकार बाली डिजाइनर पिचकारियों की भरमार है। बंदूक, टैंक के आकार बाली पिचकारी भी खूब पसंद की जा रही है। इनकी कीमत 50 से लेकर हजार रुपये तक है। इसके अलावा कुछ ऐसी भी पिचकारियां बाजार में मौजूद हैं जिसमें रंगीन पानी भरने की जरूरत नहीं होती है। पिचकारी अंदर ही कई रंग होते हैं।

### हर्बल गुलाल की मांगः पिचकारी विक्रेता

पिचकारी विक्रेता मुकेश देवांगन बताया कि प्रत्येक वर्ष पिचकारियों के डिजायन और आकार में फेरबदल हो जाता होली के मौके पर केमिकल रंगों से त्वचा को कोई नुकसान न हो जिससे कुछ वर्षों से हर्बल गुलाल की मांग हो रही है। लिहाजा इस वर्ष भी बाजारों में इसकी धूम है। लोगों की मांग को देखते हुए दुकानों में हर्बल रंग अधिक मात्रा में उपलब्ध हैं। दुकानदारों ने भी केमिकल रंगों से तौबा कर ली है। शहर में इस समय नगाड़ों की आवाज से गूंज रही है। यहां लोग परंपरागत नगाड़े खरीदने के लिए उमड़ रहे हैं। खास बात यह है कि पीढ़ियों से यह काम कर रहे ।

### अंचल में रंग-गुलालों, पिचकारी का बाजार सज-धज कर तैयार

**पलारी।** 4 मार्च होली पर्व को देखते हुए अँचल में पिचकारी दुकानों में गुलजार है। बाजार में रंग-गुलाल पिचकारी की दुकान सज गई हैं।गली मोहल्लों के चौक-चौराहों में नगाड़ों की गूंज सुनाई दे रही हैं।देर शाम तक फाग गीत गाकर लोग होली पर्व का भरपूर आनंद ले रहे हैं। बच्चों के साथ बुजुर्ग अभी फाग गायन में लगे हुए हैं। अरसे से ग्राहकों के इंतजार में पर्व का समान लगा कर बैठे दुकानदार अब ग्राहकों के बीच से उत्साहित हैं। दुकानदार बेनीराम देवांगन ने बताया कि होली पर्व पर रंग-गुलाल, पिचकारी के साथ ही मुखौटा, फैंसी बाल, टोपी की मांग हैं। पर्व को लेकर बाजार में तरह-तरह के समान हैं।ज्यादातर विक्रेताओं ने हर्बल रंगों का भरपूर स्टॉक रखा हैं। दुकानदारों का कहना हैं कि बीते कुछ वर्षों से केमिकल रंगों से लोगों ने दूरी बनाई हैं।ज्यादातर लोग हर्बल रंग-गुलाल का ही उपयोग करते हैं।यह त्वचा के लिए हानिकारक नहीं होता साथ ही धोने पर आसानी से भी निकल जाता हैं। हालांकि केमिकल रंगों की अपेक्षा हर्बल रंग थोड़े महंगे होते हैं।



### ग्लिसरीन व तैल का करें उपयोगः वर्मा

होली त्यौहार रंग-बिरंगे रंगों व भाईचारे का महान पर्व है। पुछे जाने पर दीपक कुमार वर्मा योग प्रचारक जिला बलौदाबाजार-भाटापारा ने बताया, केमिकल रंगों से बचने के लिए रंग-गुलाल खेलने से पहले अपने शरीर में ग्लिसरीन या तेल का उपयोग कीजिए। वे इसका उपयोग हर वर्ष करते हैं,जिसको धोने से कलर आसानी से निकल जाता हैं व स्किन को ज्यादा रगड़ना नहीं पड़ता और इन्फेक्शन भी नहीं होगा। वर्मा ने होली में प्राकृतिक रंगों का उपयोग के लिए पलाश के फूल को रंग बनाकर रंगों का त्यौहार में भाईचारे का पर्व में रंग छिड़कते हैं। उन्होंने बताया वे हर वर्ष पलाश के फूलों को एकत्रित कर इनसे बने रंगों का होली खेलते हैं।और लोगों को आयुर्वेद रंगों के प्रति जागरूक करते रहते हैं।

## नपा परिषद में धूमधाम से मना होली मिलन समारोह



**भाटापारा।** नगर पालिका परिषद प्रांगण में आज 'होली मिलन समारोह' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा परिषद पार्षदों और सभापतियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं ग्राम कोशलपुर (कोलिहा) से आई नगाड़ा मंडली द्वारा प्रस्तुत नगाड़ों की गूँज और पारंपरिक धुनों ने पूरे वातावरण को उत्सव के रंग में सराबोर कर दिया। नगाड़ों की थाप पर अध्यक्ष अश्वनी शर्मा सहित उपस्थित पार्षदों और सभापतियों ने उत्साहपूर्वक नृत्य कर होली की खुशियाँ बांटी।

नगर पालिका प्रशासन द्वारा कार्यक्रम में सम्मिलित सभी अतिथियों, कोशलपुर की मंडली के सदस्यों और कर्मचारियों के लिए स्वल्पाहार की विशेष व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि होली का पर्व प्रेम, सद्भाव और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। मैं समस्त भाटापारा वासियों से अपील करता हूँ कि इस त्यौहार को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल तरीके से मनाएं। रंगों के इस उत्सव में आपसी मतभेदों को भुलाकर भाईचारे को बढ़ावा दें और जल संरक्षण का ध्यान रखते हुए सूखी होली को प्राथमिकता दें। नगर की स्वच्छता और गरिमा बनाए रखने में अपना सहयोग प्रदान करें।

## खरोरा पुलिस ने ली होली पर्व को लेकर की सुरक्षा और शांति बैठक

**खरोरा ।** पुलिस थाना खरोरा प्रभारी के के कुशवाहा द्वारा होली पर्व को मद्देनजर रखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा खरोरा सहित आसपास के जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक एवं पत्रकारों की शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में होली पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु असामाजिक तत्व तथा व्यवस्था बाधित करने वाले अपराधिक तत्वों के ऊपर कार्यवाही लगातार जारी है।

बैठक में होली पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील करते हुए कहा कि शराब पीकर वहां न चलाएं, चेहरे पर मुखौटा ना लगाएं,मोटरसाइकिल में दो सवारी तथा कार में चार सवारी से अधिक ना चले, लोगों से जबरदस्ती होली के नाम से चंदा न वसूल करें, शासकीय एवं निजी संपत्ति को क्षति न पहुंचाएं, विद्युत तार के नीचे होलिका दहन ना करें, होली में पेंट का उपयोग न करें, महिला, बच्चों बुजुर्गों के साथ किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार ना करें, सभी धर्म संप्रदाय के लोगों के साथ भाईचारा का व्यवहार करें,किसी धर्म विशेष का तोरण पताका लगा हो उसे छति ना पहुंचाएं, बच्चों के वर्तमान में परीक्षा को देखते हुए ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग न करें, पुराने रंजिश को लेकर लड़ाई झगड़ा विवाद ना करें, शराब या कोई अन्य नशीली वस्तुओं का सेवन न करें, इच्छा के विरुद्ध जबरदस्ती किसी व्यक्ति के ऊपर रंग गुलाल ना डालें, अशांति निर्मित होने पर या किसी प्रकार की घटना होने पर तुरंत डायल 112 अथवा खरोरा थाना में सूचना देवें।





### थाने में हुई होली पर्व शांति और सुरक्षा के लिए बैठक

**भटगांव ।** थाना भटगांव में होली पर्व शांति एवं सुरक्षा पूर्वक मनाये जाने 1 मार्च दिन रविवार को 3 बजे बैठक सम्पन्न हुआ । बैठक में थाना प्रभारी शिव कुमार धारी,एस डी ओ पी विजय ठाकुर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे । थाना प्रभारी ने वहां उपस्थित जनप्रतिनिधियों व गणमान्य नागरिकों को होली पर्व में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने, क्षेत्र में शांतिपूर्ण होली मनाने, वृक्षों की कटाई नहीं करने, डीजे नहीं बजाने, शराब पीकर गाड़ी न चलाने व अन्य समझाईश दी गयी। वहीं पेट्रोलिंग गाड़ी हर गलियों में भ्रमण करेगी । हुड़दंगियों को बख्शा नही जायेगा । बैठक में प्रमुख रूप से नगर पंचायत उपाध्यक्ष, वार्ड पार्षद, धर्मेन्द्र साहू, योगेश जायसवाल, मोनू यादव, रूपनारायण ठाकुर, खिलेश्वर पटेल व अन्य पत्रकार बंधु, पंचायत सरपंच, ग्राम कोटवार,पटेल, राजनीतिक दल से संबंध रखने वाले, व अन्य गणमान्य नागरिकजन उपस्थित रहे।



### खरोरा के बाजार में नगाड़ों की गूंज

**खरोरा ।** नगर में इस समय नगाड़ों की आवाज से गूंज रही है। यहां छत्तीसगढ़ का लोकप्रिय वाद्य यंत्र नगाड़ा नगर के बाजार में होली का रंग उत्सव से भरा हुआ है पूरे देश में रंगों का महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। गांव से लेकर शहरों तक बच्चे और बुजुर्ग नगाड़े की ताप पर फाग गीत गाते हुए होली का आनंद लेते हैं। यह पारंपरिक वाद्य यंत्र उत्सव का अभिन्न हिस्सा है जो उत्सव की धुन को जीवंत बनता है। बाजार में नगाड़ों की गूंज न केवल होली के उत्साह को बढ़ा रही है बल्कि यह पारंपरिक विरासत को भी संजोए हुए है। खास बात यह है कि आधुनिकता के इस दौर में भी लोग पारंपरिक वाद्ययंत्रों के प्रति आकर्षित हैं। होली के अवसर पर नगाड़ों की मांग बढ़ जाती है क्योंकि गांवों और कस्बों में अब भी होली के अवसर पर नगाड़े बजाने की परंपरा है। बड़े बुजुर्ग और युवा मिलकर इन नगाड़ों पर थाप लगाते हैं जिससे पूरे माहौल में एक अलग ऊर्जा का संचार होता है।



## कर्मचारियों के लिए कैशलेस चिकित्सा योजना लागू होने पर जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

प्रदेश शिक्षक सेवी कल्याण संघ पलारी ने कर्मचारियों के लिए कैशलेस चिकित्सा योजना प्रारंभ करने पर शासन का आभार व्यक्त किया।संघ ने कहा कि यह योजना कर्मचारियों एवं उनके परिवार के लिए बहुत अधिक आवश्यक थी क्योंकि स्वास्थ्य खराब होने की स्थिति में कर्मचारियों एवं उनके परिवार को बहुत अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ता था परंतु अब यह योजना लागू हो जाने से कर्मचारी एवं उनके परिवार को विभिन्न प्रकार की परेशानियों का सामना नहीं करना होगा।संघ ने मुख्यमंत्री,स्वास्थ्य मंत्री एवं वित्त मंत्री महोदय का आभार प्रकट किया।

योजना लागू होने पर विकासखंड पलारी के शिक्षक शिक्षिका स्थानीय शिक्षक सदन में एकत्र हुए और एक दूसरे का मुंह मीठा करते हुए बधाई शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रदेश शिक्षक सेवी कल्याण संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक महोबे ने अपने उद्बोधन में कहा, यह योजना हमारे लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इस कैशलेस चिकित्सा योजना से कर्मचारियों और उनके आश्रितों को एक बड़ा सुरक्षा कवच मिला है।इससे न केवल आर्थिक परेशानियां दूर होंगी, बल्कि कर्मचारी मानसिक रूप से तनाव मुक्त होकर अपने कार्य का निर्वहन कर सकेंगे।हम इस ऐतिहासिक और कर्मचारी हितैषी निर्णय के लिए राज्य शासन को हृदय से धन्यवाद देते हैं।

### ये रहे उपस्थित

इस खुशी के अवसर पर देवेंद्र साहू ब्लाक संयोजक छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन, अभिषेक महोबे ब्लॉक अध्यक्ष प्रदेश शिक्षक सेवी कल्याण संघ, मंतराम वर्मा संरक्षक अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन, छन्नू ध्रुव सचिव, राजकुमार साहू संयोजक, प्रकाश कुमार सेन कार्यकारी अध्यक्ष, कविता सरसिहा संयोजक, महिला प्रकोष्ठ संध्या पैकरा, सहसचिव महिला प्रकोष्ठ सरोज साहू, प्रदेश महामंत्री अजित चन्द्राकर, कार्यकारी अध्यक्ष घनश्याम वर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष अंकित कश्यप, सलाहकार डिकेश चन्द्राकर, ब्लाक महामंत्री मोहित वर्मा, सलाहकार जगजीवन जोशी, सलाहकार भानू ध्रुव, सलाहकार छन्नू वर्मा, सह सचिव यु एस साहू, सलाहकार मुकेश साहू, प्रवक्ता थानसेन कुर्रे, सहसचिव भूपेंद्र वर्मा, द्वारिका ध्रुव सहित अन्य सभी पदाधिकारी एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



## महाकाल टीम बनी केकेपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट में उपविजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

राजधानी रायपुर के सुभाष स्टेडियम में दिनांक 24 से 27 फरवरी आयोजित केकेपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट लवन की महाकाल टीम ने बिलासपुर की टीम को कड़ी टक्कर देते हुए उपविजेता का किताब जीता इस मैच में छत्तीसगढ़ के रायपुर की तीन टीम राजनादगांव, जगदलपुर, झारसुगुड़ा सहित आठ टीमों ने भाग लिया लवन की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में अपना स्थान बनाया । इस कार्यक्रम का आयोजन रायपुर आर्शीवाद भवन शिक्षा मंडल के अध्यक्ष सुरेश मिश्रा, सचिव राजीव दीक्षित एवं युवा टीम के सदस्यो की मार्गदर्शन में संपन्न हुआ ।

लवन में उपविजेता टीम के खिलाड़ियों का अभिज्ञान ज्वेलर्स में समाज के द्वारा खिलाड़ियों को सम्मान किया गया, इस अवसर पर सामाजिक जन रामेश्वर पांडेय, उमेश मिश्रा, सूर्य प्रकाश पांडे, अनिल पांडेय, संतोष पांडेय, संजय बाजपेई, सुधीर बाजपेई, धीरज मिश्रा, अनूप पांडेय, मृत्युंजय पांडेय, सतीश पांडेय, अखिलेश जोशी, पल्लव पांडेय, अरविंद पांडेय, प्रदीप पांडेय, अभिज्ञान पांडे, अनुग्रह पांडेय, प्रभात पांडेय, यश बाजपेई, प्रज्ञांश अवस्थी, महाकाल टीम के कप्तान पीयूष पांडेय, उप कप्तान ईशान बाजपेई, आदित्य पांडेय, अखिल पांडेय, अवनीश मिश्रा, अभय पांडेय, तुषार पांडेय, खिलाड़ी उपस्थित थे । समाज द्वारा सभी विजेता खिलाड़ियों को शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई एवं आशीर्वाद दिया गया।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
27 फरवरी 2026
SHOW TIME
डार्लिंग प्यार झुकता नहीं दोबारा (सीजी)
शो समय - 12:00, 3:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप

### महुआ शराब बरामद युवक पर कार्रवाई

**महासमुंद।** ग्राम तोषगांव में बसना पुलिस ने एक युवक के कब्जे से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी दिलीप ओगरे पिता शिवकुमार ओगरे (32 साल) तोषगांव के कब्जे से देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कुल 15 लीटर कीमत 3000 रुपए को जब्त कर धारा 34(2) के तहत कार्रवाई की गई।

### एक्सीडेंट में अज्ञात व्यक्ति की मौत

**महासमुंद।** तुमगांव से ग्राम कांपा की ओर पैदल जा रहे एक व्यक्ति की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतक अज्ञात पुरूष उम्र करीबन 30 से 35 वर्ष 26 फरवरी को पैदल तुमगांव से ग्राम कांपा की ओर जा रहा था। रात करीब 10 बजे अमावस तिराहा के पहले एनएच 53 रोड तुमगांव पहुंचने पर पीछे से आ रही अज्ञात वाहन के चालक द्वारा पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट में अज्ञात के सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट आने से उसकी मौत हो गई।

### पति पर मारपीट का आरोप

**महासमुंद।** पति पर मारपीट का आरोप लगाते हुए एक महिला ने बागबाहरा थाने में जुर्म दर्ज कराया है। मामला करीब 11 महीने पहले का है। पुलिस को ललिता जैन पति जिनेश जैन (43 साल) ने बताया कि वर्तमान में वह नंदनी खुंदनी जिला दूर्ग छत्ती सढ़ में रहती है। वह अपने पति के साथ 01/04/2025 तक रहती थी। प्रार्थिया ने पुलिस को बताया कि उसके पति रोज मारपीट और गाली गलौज कर मारपीट करते रहते थे। फिर किसी बात पर जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू से मुझे मारा। जब उससे जान बचाकर भागी, तो आरोपी ने फोन को छीन लिया। घटना के 4-5 दिन बाद इसकी जानकारी उसने अपने भाईयों को दी और बागबाहरा थाना मे आवेदन दिया। इस पर थाना बागबाहरा द्वारा काउंसिलिंग के लिए पारिवारिक परामर्श केंद्र भेजा गया था, लेकिन आपराधिक मामला होने से उसने काउंसिलिंग से इनकार किया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी पति के खिलाफ बागबाहरा थाने में धारा 118(1), 296, 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### चाय दुकान में मारपीट

**महासमुंद।** चाय दुकान में शराब पीने से मना करने पर मारपीट के मामले में बसना थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को यशवंत सोनी ने बताया कि 28 फरवरी की रात उसका भांजा देवा चाय दुकान में बैठा था। लगभग 11 बजे देवा ने उसे फोन कर बताया कि दुकान में तीन लोग आयुश ठाकुर, अक्षय, प्रयांश एवं अक्षय आये और वहां शराब पीना चाह रहे थे, जिन्हें उसने मना किया। इस पर उन लोगों ने आवेश में आकर गाली गलौज कर मारपीट की।

# सर्व आदिवासी समाज ने दी कलेक्टर को भावभीनी विदाई

## समाज के प्रतिनिधिमंडल ने साल, श्रीफल, पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह भेंट कर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

■ सेवा के दौरान जनकल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन और शांति व्यवस्था में उत्कृष्ट योगदान

सर्व आदिवासी समाज जिला इकाई बलौदाबाजार के प्रतिनिधि मंडल ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष मे जिला कलेक्टर दीपक सोनी को साल, श्रीफल, पुष्पगुच्छ, स्मृति चिन्ह भेंट कर भावभीनी विदाई दी। विदित हो कि जिला बलौदाबाजार के कलेक्टर दीपक सोनी ने लगभग एक साल नव माह तक जिला में सेवा दिए जिसमे सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को शतप्रतिशत धरातल पर क्रियान्वयन किया।

राज्य में अव्वल पायदान पर खड़ा करने का प्रयास किया उनकी इन्हीं उपलब्धि के कारण केंद्र सरकार ने भी उन्हें सम्मानित किया ,जिला मे शांति व्यवस्था, समरसता भाईचारा को बरकरार रखने के लिए एक दक्ष प्रशासनिक अधिकारी की भूमिका को निष्ठा लगन एवं ईमानदारी पूर्वक निर्वहन किया और समस्त जिला वासियों को और साथ मे समाज के सभी वर्गो को खुशहाल रखा उनके इन्ही उपब्धियों के कारण केन्द्र सरकार मे प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली भेजा गया है।



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर सर्व आदिवासी समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश ध्रुव, जिलाध्यक्ष भूपेंद्र ध्रुवंशी, जिला उपाध्यक्ष भानु ध्रुव, जिला कोषाध्यक्ष अभय लाल ध्रुव, जिला सहसचिव दशरथ ध्रुव, जिला सचिव थानू ध्रुव, जिला सांस्कृतिक सचिव केशव कुंजाम, जिला महिला प्रभाग अध्यक्ष अंजू नेताम, जिला सचिव राधा ध्रुव, सर्व आदिवासी समाज के ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. बी. एस. ध्रुव, उपाध्यक्ष उत्तम कुमार नागवंशी, सहसचिव मुन्ना लाल ध्रुव, युवा प्रभाग जिला उपाध्यक्ष रवि ध्रुव, ब्लॉक संरक्षक कृष्ण कुमार ध्रुव, समाज सेवी दया राम ध्रुव, ब्लॉक उपाध्यक्ष कैलाश ध्रुव, समाजसेवी चंद्रपाल ध्रुव, श्याम बाबू ध्रुव, भुवन कुमार मंडावी, गबेश्वर ध्रुव महिला प्रभाग बलौदाबाजार अध्यक्ष पार्वती मंडावी,कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष सुनीता ध्रुव, उपाध्यक्ष लक्ष्मी ध्रुव, सर्व आदिवासी समाज ब्लॉक बलौदाबाजार ब्लॉक उपाध्यक्ष कैलाश ध्रुव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## खुशहाल बचपन परियोजना और कारितास इंडिया के तत्वावधान में भव्य मेला

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर लगाई विज्ञान प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर ग्राम सिर्री स्थित माध्यमिक विद्यालय मैदान में विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम खुशहाल बचपन परियोजना, कारितास इंडिया के तत्वावधान में संपन्न हुआ। प्रदर्शनी का उद्देश्य बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि जागृत करना, उनकी रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना तथा विभिन्न ग्रामों के विद्यार्थियों को एक मंच पर लाकर आपसी सीखने की प्रक्रिया को सशक्त बनाना था।

इस प्रदर्शनी में ग्राम बरडीह, अलेसुर, मददीह, छड़िया, केवराडीह, पड़ाभाट एवं सिर्री के लर्निंग सेंटर बाल चौपाल तथा विद्यालयों के प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने 26 एवं 27 फरवरी को अपने-अपने लर्निंग सेंटर एवं विद्यालयों में मॉडल तैयार किए, जिन्हें 28 फरवरी को प्रदर्शनी में प्रस्तुत किया गया।

### सभी प्रतिभागियों को किया गया उत्साहवर्धन

निर्णायकों द्वारा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान घोषित किए गए, किंतु सभी प्रतिभागियों को उत्साहवर्धन हेतु सम्मान एवं प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए गए। समुदाय के गणमान्य नागरिक एवं अभिभावक भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। संतोष देवांगन ने प्रदर्शनी अवलोकन के पश्चात ट्रैफिक लाइट मॉडल एवं किचन गार्डन मॉडल के लिए स्वप्रेरणा से 100-100 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की। मददीह से लीलाराम जी भी बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु उपस्थित रहे।





### विभिन्न ग्रामों के प्रमुख मॉडल

छड़िया – हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर प्लांट, ज्वालामुखी, चंद्रयान, माइक्रोस्कोप। अलेसुर –जल चक्र, ट्रैफिक लाइट मॉडल, पड़ाभाट – जल चक्र। बरडीह – न्यूट्रिशन गार्डन, वर्षा जल संचयन, सिर्री – सोलर पैनल, ज्वालामुखी, जलवायु परिवर्तन, चुंबकीय क्षेत्र, सौर मंडल, साइंस किट, प्रजनन तंत्र, मददीह – भस्मक, न्यूट्रिशन गार्डन सहित जल फिल्टर, स्टेथोस्कोप, केवराडीह – ग्लोबल वार्मिंग मॉडल, फेफड़ों का तंत्र प्रदर्शनी का निरीक्षण मुख्य अतिथि संकुल समन्वयक कैलाश बघेल ने किया। उनके साथ प्रधान पाठक वंदना मैडम, उपसरपंच नंद कुमार सेन, पंच बुधराम देवांगन, प्राथमिक विद्यालय के प्रधान पाठक गिरधर साहू तथा शाला प्रबंधन समिति के सदस्य सुकृता, देवंतिन बाई, राजेंद्र देवांगन, सुखिया यादव, अनीता पेमिन, गोदावरी, फेकन बाई सहित शिक्षकगण सावित्री वर्मा, लक्ष्मी वर्मा, गायत्री देवांगन, कलावती ध्रुर्वे, पूर्णिमा निषाद एवं ललिता देवांगन उपस्थित रहे।

### कार्यक्रम के दौरान हुआ पौधारोपण

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय मैदान में किचन गार्डन क्षेत्र में नींबू, आंवला एवं मुनगा के पौधों का रोपण भी किया गया। इस संपूर्ण कार्यक्रम के सफल आयोजन में कारितास इंडिया खुशहाल बचपन परियोजना की जिला कार्यक्रम सहयोगी रुखसाना खान, कम्युनिटी एजुकेटर सरिता मधुकर एवं कुसुमलता साहू तथा अकादमिक मेंटर गीतांजलि, चंद्रिका, सुभाषिनी, किरण, लीलाश्वरी, भूनेश्वरी एवं दामिनी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन सुश्री वंदना मैडम द्वारा किया गया। विद्यालय प्रबंधन, ग्राम पंचायत एवं सरपंच का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ। विज्ञान प्रदर्शनी ने बच्चों के भीतर वैज्ञानिक सोच, नवाचार और सहयोग की भावना को सुदृढ़ किया तथा ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हुए एक प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। 28 फरवरी को विज्ञान दिवस के अवसर पर विज्ञान मेला का आयोजन शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिर्री में हुआ।

### संकुल केन्द्र खरोरा में लगा विज्ञान मेला और टीएलएम प्रदर्शनी

**खरोरा।** शासकीय पूर्व माध्य शाला खरोरा में संकुल स्तरीय विज्ञान मेला और टी एल एम प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में माध्यमिक शाला के शिक्षकों द्वारा विज्ञान के विभिन्न शैक्षिक मॉडल और प्राथमिक शाला के शिक्षकों द्वारा बच्चों को सिखाने के लिए उपयोग की जाने वाली टी एल एम का प्रदर्शन किया गया जिसने उपस्थित अतिथियों के मन को मोह लिया तथा विद्यार्थियों को रचनात्मक समझ हेतु प्रेरित किया।
प्राथमिक स्तर में प्राथमिक शाला केशला ने प्रथम और प्राथमिक शाला नायकटांड द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा माध्यमिक स्तर में माध्यमिक शाला रावणभाठा केशला प्रथम और माध्यमिक शाला नवगांव द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रदर्शनी में मुख्य निर्णायक की भूमिका में सुरेश साहू, संतोष वर्मा, रमेश वर्मा ने शिक्षक ने शिक्षकों के द्वारा प्रस्तुत विज्ञान एवं टी एल एम मॉडल का अवलोकन करते हुए शिक्षकों का साक्षात्कार करते हुए उत्साहवर्धन किया और कक्षाओं में नियमित रूप से लागू करने का सुझाव प्रेषित किया। साथ ही शासकीय पूर्व माध्य शाला खरोरा के विद्यार्थियों द्वारा भी विज्ञान मॉडल का प्रदर्शनी लगाया गया जिसकी उपस्थित अतिथियों एवं शिक्षकों के द्वारा सराहना की गई। यह कार्यक्रम बी आर सीसी देवेन्द्र सिंह ठाकुर ,नोडल प्राचार्य रजनी मिंज के मार्गदर्शन और प्रधानपाठिका जीरा पाध्याय के सहयोग विशेष रहा टी एल एम प्रदर्शनी में उपस्थित शिक्षकगण नारायण देवांगन, रामेश्वर ध्रुव, वरुण साव, मोहित साहू, टोमन साहू, पूर्णिमा निर्मलकर, मंदाकिनी चंद्रकार, सुरेखा शर्मा, नीलम एक्का, रेखा देवांगन, इन्दु देवांगन, किरण वर्मा, कुसुमलता कुर्रे, कुलेश्वरी, कुन्ती वर्मा, विष्णु देवांगन, शेख शर्मा, प्रीति वर्मा, दुर्गेशनंदनी शर्मा, डागेश्वरीपाल चंद्रशेखर साहू ,सोनाली शर्मा। जिसका संकुल समन्वयक रामकरण वर्मा ने आभार व्यक्त किया।



# कराते में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 200 प्रशिक्षक हुए सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

■ विक्रम राय ने युवाओं को बताई जीवन कौशल और आत्मरक्षा की

प्रवाह कराटे संघ बलौदाबाजार ने विक्रम राय के मुख्य आतिथ्य में 200 प्रशिक्षुओं का सम्मान किया। इस अवसर पर विक्रम राय गुरुजी ने कहा कि खेल और शिक्षा दोनों ही जीवन के महत्वपूर्ण पहलू हैं, और ऐसे आयोजनों से युवाओं को सही दिशा में आगे बढ़ने का अवसर मिलता है।

उन्होंने प्रशिक्षुओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और उन्हें समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने का आग्रह किया। आप सभी ने कड़ी मेहनत और समर्पण के साथ कराटे का अभ्यास किया है, और आज आप इसका फल पा रहे हैं।उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता हैं। योग, खेल, कराटे यह आपको स्वस्थ रखता है। आज हमारी बेटियां देश का मान बढ़ा रही है कराटे केवल आत्मरक्षा की कला नहीं है यह एक जीवन कौशल है जो आपको आत्मविश्वास से भर देता है। वर्तमान में हमारी बेटियों के साथ जो अन्याय अत्याचार शोषण हो रहा है इस परिस्थिति में आत्मरक्षा एक बेहद जरूरी है। आगे चलकर यही बेटियां अपने माता-पिता, समाज और देश का मान बढ़ाएगी। साथ ही विक्रम राय ने अपील किया की इस कला का उपयोग अपने और अपने परिवार अपने समाज की रक्षा के लिए करें यह कोई दिखावा की चीज नहीं है जरूरत के अनुसार ही इनका उपयोग करें। साथ ही अभी दसवीं बारहवीं और लोकल कक्षाओं की परीक्षा चल रही है उनके लिए भी शुभकामनाएं दी।

### शारीरिक व्यायाम कौशल बहुत जरूरी

मोबाइल की इस दुनिया में जहां हम मोबाइल को ही अपना सब कुछ मान बैठे हैं ऐसे में शारीरिक व्यायाम कौशल बहुत जरूरी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जे एल जोशी बीआरसीसी पलारी विशिष्ट अतिथि हेमलता कन्नौजे, नेहा उपाध्याय ने प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। आयोजन अंतरराष्ट्रीय कराते प्रशिक्षक व गोल्ड मेडल विजेता संजय बंजारे के नेतृत्व में हुआ संचालन संजय बंजारे ने किया।

# फाइनल वर्ष के छात्राओं को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

पलारी महाविद्यालय में बीए और बीएससी फाइनल ईयर के विद्यार्थियों के लिए जूनियर छात्रों द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य अशोक उपाध्याय और अध्यक्षता आत्माराम वर्मा ने की। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त स्टाफ और विद्यार्थी उपस्थित रहे। प्राचार्य अशोक उपाध्याय ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि विदाई का अर्थ पढ़ाई खत्म होना नहीं है, बल्कि आगे बढ़ने का नया अवसर है। उन्होंने छात्रों को एमए, एमएससी जैसी उच्च शिक्षा जारी रखने की प्रेरणा दी। आत्माराम वर्मा ने परीक्षा की तैयारियों पर जोर देते हुए कहा कि शांत मन से अध्ययन करने पर सफलता निश्चित मिलेगी मार्ग में कितने भी बाधा उत्पन्न हो अपने लक्ष्य से पीछे नहीं हटना है। लक्ष्मीनारायण जलहरे ने कहा की विदाई तो महाविद्यालय का परम्परा है विदाई होने के पश्चात आप कालेज से विदा हो सकते हो लेकिन आप सभी हमारे यादो मे रहोगे।



**ये हुए शामिल:** समारोह में महाविद्यालय के शिक्षकों में कोमल देवांगन, विरेंद्र कुमार खरे, इशाज्ञा मेश्राम, डा अभिराम पांडे, दिप्ती वर्मा, लकेश्वरी साहू, सोनम यादव, एकलव्य सिदार, श्रद्धा रंगारे, नरेंद्र कुमार शर्मा, ईशा पाठक, अंजलि साव, पर्वती कर्ष, हेमलता वर्मा, इंद्र डहरिया, दुज राम पटेल, राहुल,डेविड सिंह डहरिया सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। मंच संचालन हाविद्यालय के वरिष्ठ छात्र परमेश्वर साहू ने किया कार्यक्रम के सफल आयोजन में संजू साहू, संदीप अजय कनौजे, भूपेश निषाद, हरिश साहू, डेविड, विवेक, समीर टण्डन, आकाश,दिलीप,अमन,राहुल, प्रवीण, तुषार, निकेश ,संजना, यामिनी चतुर्वेदी, अपर्णा, याशना आजाद, निशा साहू, सुहानी रात्रे, वंदना, दिक्षा वर्मा, रितु वर्मा, नूतन साहू, प्रिति यादव, मनिषा, वर्षा, पल्लवी, निशु व बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए।

# ग्रापं लावर में हुआ भूमि पूजन व लोकार्पण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद



ग्राम पंचायत लावर में रविवार को विभिन्न विकास कार्यों के भूमि पूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम उत्साहपूर्वक संपन्न हुए। कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में ग्राम वासियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के तहत वार्ड क्रमांक 9, साहड़ा देव चौक के पास रंगमंच निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन किया गया। इसके पश्चात ग्राम पंचायत भवन के समीप निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण संपन्न हुआ।

वहीं जय स्तंभ चौक के पास गली कांक्रीटीकरण कार्य का भी भूमि पूजन किया गया।इन विकास कार्यों के लिए प्रदेश के कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा द्वारा सीसी रोड निर्माण हेतु 10 लाख, रंगमंच भवन निर्माण के लिए 5 लाख तथा सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 8 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है।जनपद अध्यक्ष डॉम पाल ने इन कार्यों के लिए मंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन विकास कार्यों से ग्राम पंचायत लावर में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा तथा ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गांव-गांव में विकास कार्यों को प्राथमिकता दे रही है।



**ये रहे उपस्थित:** इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य दीप्ति वर्मा, जनपद सदस्य खोमलाल साहू, जनपद प्रतिनिधि जीवन साहू, बबलू पटेल, कल्याण ध्रुव, राजू पाल, धन्ना निषाद, रामकुमार साहू, प्रकाश पाल, उपसरपंच तोरण ध्रुव ,पंच पिंटू जोशी संतराम ध्रुव सहित पंचायत प्रतिनिधि, पंच एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में सभी ने ग्राम के समग्र विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

## अधोसंरचना निर्माण कार्यों को मिली स्वीकृति

# भाटापारा विधानसभा में विकास की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत परिवारों की सेवा एवं सुविधा के लिए भाजपा वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा द्वारा निरंतर विकास कार्यों की सौगात क्षेत्रवासियों को दी जा रही है। विधानसभा में अधोसंरचना निर्माण कार्यों को शिवरतन शर्मा के प्रयासों से विष्णु देव सरकार द्वारा स्वीकृति मिल रही है।इसी कड़ी में वित्तीय वर्ष 2026–27 के अंतर्गत छत्तीसगढ़ वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट में शिवरतन शर्मा द्वारा किये गए करोड़ों के अनुशंसा को शामिल कर सौगात दी गई हैं। शिवरतन शर्मा ने इस सौगात के लिए क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं छत्तीसगढ़ राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया है।



## करोड़ों के कार्य बजट में शामिल

### निरन्तर नई उपलब्धियां अर्जित कर रहा भाटापारा: शिवरतन

शिवरतन शर्मा ने कहा की गांव – गांव में बेहतर सड़कें, सामाजिक गतिविधियों के लिए सामुदायिक भवन और बुनियादी सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण, क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में मजबूत कदम है। किसी भी देश की प्रगति का रास्ता गाँव के विकास से होकर गुजरता है। इसी उद्देश्य से हम ग्रामीण स्तर पर हर गाँव-गाँव और घर-घर सुविधाओं एवं योजनाओं का विस्तार कर रहें हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए लगातार विकास व अधोसंरचना निर्माण के कार्य प्रगति पर हैं। ग्रामीण महिलाओं और किसानों को सशक्त व आत्मनिर्भर बनाने के लिए हमारा प्रयास निरन्तर जारी है।

### निर्माण योजनाओं को नवीन मद में किया गया शामिल

सिमगा विकासखंड के शा.हाई स्कूल लांजा एवं भाटापारा विकासखंड के शा.हाई स्कूल बिजराडीह हेतु भवन निर्माण के लिए कुल 01 करोड़ 50 लाख 46 हजार (75.23-75.23 लाख) ग्राम चंदेरी-मुशवाडीह ,कामता, औरेठी मार्ग अनुमति लागत 12 करोड़, ग्राम कचलोन तेंदुभाठा सिमगा मार्ग अनुमति लागत 08 करोड़ 80 लाख, ग्राम तुलसी, तोरा के पास चकलाघाट नाला पर पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण अनुमति लागत 08 करोड़ 20 लाख, ग्राम खोखली, सोनबरसा, गोरदी, नयापारा मार्ग चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य अनुमति लागत 20 करोड़, ग्राम सुरखी, बकुलाही (नहर किनारे) मार्ग अनुमति लागत 08 करोड़,वर्ष 2026-27 के बजट में शामिल किया गया हैं।




